उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

23 एलनगंज, प्रयागराज–211002

पत्रांकःशि०से०आयोग/131 /चयन/42–2019/2024–25 दिनांक : 06-11-2024

विज्ञप्ति/आवश्यक सूचना

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या–02/2011 के कम में विज्ञापित प्रशिक्षित स्नातक जीवविज्ञान पद हेतु याचिका संख्या–20246/2022 हिमांशु मिश्रा व अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में पारित माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 03.01.2023 के अनुपालन में आयोग द्वारा साक्षात्कार दिनांक 29.11.2024 को नियत किया गया है। लिखित परीक्षा में सफल 164(**संलग्नक–1**) अभ्यर्थियों की सूची व साक्षात्कार कार्यक्रम वेबसाइट **www.upsessb.org** एवं वेबसाइट **www.uphesc.org** तथा आयोग के x account **@upesscprayagraj** पर प्रदर्शित है। अभ्यर्थी अपने सभी मूल शैक्षिक अभिलेखों एवं उनकी छायाप्रतियां, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज दो नवीनतम सत्यापित फोटो सहित उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग, 23 एलनगंज, प्रयागराज में पूर्वान्ह 09:00 बजे उपस्थित होकर साक्षात्कार में प्रतिभाग कर सकते है।

2. सम्बन्धित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार–पत्र डाक द्वारा भेजे जा रहे है, यदि किसी अभ्यर्थी को साक्षात्कार–पत्र सम्बन्धित पते पर प्राप्त नही होता है, तो अभ्यर्थी अपने समस्त अभिलेख यथा तत्समय भरे गये आवेदन पत्र की छायाप्रति, लिखित परीक्षा का प्रवेश–पत्र एवं शैक्षिक अभिलेख जिनकी प्रविष्टि आवेदन–पत्र में की गयी है, मूल(original) पहचान पत्र के साथ निर्धारित साक्षात्कार तिथि से पूर्व किसी कार्यालय दिवस में उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग, एलनगंज, प्रयागराज के कार्यालय से स्वयं उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते है।

3. साक्षात्कार–पत्र के अभाव में यदि कोई अभ्यर्थी साक्षात्कार में सम्मिलित नही हो पाता है तो इसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। साक्षात्कार हेतु नियत तिथि व समय में किसी प्रकार का परिवर्तन किया जाना सम्भव नही होगा तथा पुनः साक्षात्कार हेतु अन्य कोई अवसर प्रदान नही किया जायेगा।

(मनोज कुमार)
सचिव